North Western Railway
Railway Recruitment Cell
Power House Road, Jaipur-302006
Website : www.rrcjaipur.in

रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
पावर हाउस रोड, जयपुर–302006
वेबसाईट www.nwr.indianrailways.gov.in & rrcjaipur.in

महतपपूर्ण सूचना

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना आरआरसी 01/2019 के दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग अभ्यार्थियों का दस्तावेज सत्यापन

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी 01/2019, के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती हेतु दिव्यांग अभ्यार्थियों के लिए अधिसूचित पद के अनुसार सब कैटेगरी के आधार पर उपलब्ध रिक्तियों के विरूद्व पैनल पर रखने के उपरान्त शेष रही दिव्याग (VI-LV and LD- OL/Dorf/LD/AAV) की रिक्तियों को भरने के लिए एवं रिप्लेसमेन्ट पैनल की लिए गैर दिव्यांग व दिव्यांग अभ्यार्थियों का दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जॉच हेतु अनन्तिम (प्रोविजनली) रूप से सूचिबद्व किये गये अभ्यार्थियों के रोल की सूची दिनांक 19.09.2023 को जारी की गई थी।

उक्त अभ्यार्थियों की दस्तावेज सत्यापन–सह– अभ्यर्थिता जांच दिनांक 03.10.2023 से 10.10.2023 तक रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर में किया जा रहा है। दिनांक 03.10.2023 से 10.10.2023 तक पर्यापत वैध कारण से अनुपस्थित रहने वाले अभ्यार्थियों को दिनांक 11.10.2023 को दस्तावेज सत्यापन के लिए अन्तिम अवसर प्रदान किया जाएगा। उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकारिक वेबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। जो उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन–सह अभ्यर्थिता जांच में उपयुक्त पाए जाएंगे उन्हें निर्धारित चिकित्सा जांच/परीक्षण हेतु उसी दिन अथवा अगले दिन अजमेर/बीकानेर/जयपुर/जोधपुर भेजा जाएगा। अतः उम्मीदवार रूकने की व्यवस्था/तैयारी स्वंय क स्तर पर करके आएँ।

उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने मूल दस्तावेज एवं दो–दो स्व–सत्यापति प्रति सहित (शैक्षणिक योग्यता, तकनिकी योग्यता, जन्मतिथि, समुदाय सम्बन्धित प्रमाण पत्र, पुराना एवं नवीनतम ओबीसी प्रमाण पत्र ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, अन्य अपेक्षित दस्तावेज, कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट–शारीरिक दक्षता परीक्षा के बुलावा पत्र, आधार कार्ड, 06 फोटोग्राफ एवं ई बुलावा पत्र के महत्वपूर्ण निर्देश में दिये गये दस्तावेज आदि) बुलावा पत्र में दर्शाई गई तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होवें।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष

दिनांकः– 04.10.2023

सावधान : उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वो ऐसे असंवैधानिक तत्वों के चक्कर में ना पड़ें जो लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर पैसे लेकर नौकरी दिलाने का झूठा वादा करते है। भर्ती पूर्णतः योग्यता के आधार पर की जाती है तथा केवल योग्य एवं वास्तविक उम्मीदवारों को ही पैनल में शामिल किया जाता है।